हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

14 शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन एवं गुणवत्तापूर्ण ...



14 प्रारूप समावेशी विकास, आधुनिक अधोसंरचना को समाहित ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

# नए शिक्षण सत्र में प्रवेशोत्सव के साथ स्कूलों में गूंजेगा बच्चों का शोरगुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में नए शिक्षण सत्र की शुरुआत 16 जून से होगी। यानी, गर्मियों की छुट्टी के चलते महीनों से विरान सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों का शोर गुल गूंजेगा। स्कूल के पहले दिन स्कूलों में प्रवेश उत्सव का आयोजन होगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किया कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा सचिव ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर प्रवेश उत्सव की तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल भवनों की मरम्मत और साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा गया है। जरूरत अनुसार रंग-रोगन और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। विभाग द्वारा जारी निर्देश पत्र में कहा गया है कि प्रवेश उत्सव को एक उत्सव का रूप देने के लिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके तहत गांवों और शहरी वार्डों में मुनादी कराई जाएगी। बैनर-पोस्टर और रैलियों के जरिए जागरूकता बढ़ाई जाएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समितियों और पालकों (अभिभावकों) की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विभाग ने निर्देश दिया है कि स्कूल खुलने से पहले भवनों, परिसरों और कक्षाओं की पूरी साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत कर ली जाए। मरम्मत योग्य भवनों का काम 15 जून 2026 तक हर हाल में पूरा करने को कहा गया है।

## शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश, पहले दिन मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

### शाला त्यागियों की वापसी पर जोर

प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने एक सुव्यवस्थित ढांचा तैयार किया है। कक्षा पहली में आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों की सूची प्राप्त कर सीधे स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा छठवीं में प्राथमिक शालाओं से कक्षा 5वीं उत्तीर्ण छात्रों की सूची और टीसी (स्थानांतरण प्रमाण-पत्र) लेकर कक्षा 6वीं में उनका दाखिला सुनिश्चित किया जाएगा। शाला त्यागी बच्चे, जो बच्चे पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उन्हें ढूंढकर दोबारा मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर रहेगा।




### मिलेगी मुफ्त किताबें

उत्सव के दौरान स्कूल पहुंचने वाले नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर पात्र छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें (किताबें), स्कूल गणवेश (यूनिफॉर्म), साइकिल का वितरण किया जाएगा। बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं में टॉप करने वाले होनहार विद्यार्थियों और उत्कृष्ट पालकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, प्राचार्य डाइट, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को विद्यालयों का सतत निरीक्षण कर आवश्यक अकादमिक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

## शिक्षा : 27 को पहली मेरिट सूची, 25 जुलाई तक चलेगी दाखिला प्रक्रिया

# कॉलेज में प्रवेश पाने खुला पोर्टल, अब मेरिट सूची जारी होने के बाद शुरू होगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

उच्च शिक्षा के लिए इंतजार कर रहे बारहवी के छात्रों को अब कॉलेज प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। प्रथम समेस्टर में प्रवेश की ऑनलाईन प्रक्रिया जारी है और पहली सूची 27 जून को जारी होगी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है। इसके साथ ही जिले के महाविद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को लगभग डेढ़ माह का समय मिलेगा। मेरिट सूची जारी होने के बाद कॉलेज परिसरों और चॉइस सेंटरों में विद्यार्थियों की भीड़ और बढ़ने की संभावना है। विश्वविद्यालय का ऑनलाइन पोर्टल पहले ही खुल चुका है और आवेदन प्रक्रिया जारी है। प्रथम चरण की मेरिट सूची 27 जून को जारी होने के बाद 10 जुलाई तक प्रवेश लिए जाएंगे। यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो द्वितीय चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। दूसरे चरण की सूची 11 जुलाई को जारी की जाएगी और 11 से 16 जुलाई तक प्रवेश होंगे। इसके बाद भी सीटें खाली रहने पर तृतीय चरण की मेरिट सूची 17 जुलाई को जारी होगी तथा 17 से 24 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। सभी प्रवेश निर्धारित प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार होंगे। कॉलेजों में उपलब्ध सीटों के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

अंतिम चरण के बाद बची सीटों पर 25 जुलाई से सभी वर्गों के विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जाएगा। माता कर्मा कॉलेज के प्राचार्य एस कुमार ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। छात्रों को समय पर आवेदन कर आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने चाहिए, ताकि मेरिट सूची जारी होने के बाद किसी प्रकार की परेशानी न हो।



### मेरिट से तय होगी कॉलेज की राह

इस वर्ष भी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर होगा। विद्यार्थियों का चयन उनके प्राप्तांकों के अनुसार किया जाएगा। विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग मेरिट सूची जारी होगी। समय-सारिणी जारी होने से लंबे समय से चली आ रही प्रतीक्षा समाप्त हो गई है।

### चॉइस सेंटरों में उमड़ रहे विद्यार्थी

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही जिले के चॉइस सेंटरों में विद्यार्थियों की भीड़ बढ़ गई है। बारहवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं आवेदन भरने और दस्तावेज अपलोड कराने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के साथ-साथ पीजी पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू होने से काम का दबाव बढ़ गया है।

### बढ़ी चहल-पहल, हेल्प डेस्क की तैयारी

प्रवेश प्रक्रिया शुरू होते ही जिले के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की आवाजाही बढ़ने लगी है। नए विद्यार्थी विषय चयन, सीटों की उपलब्धता और प्रवेश नियमों की जानकारी लेने के लिए कॉलेज पहुंच रहे हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कई कॉलेजों में हेल्प डेस्क बनाने की तैयारी की जा रही है।

## निखिलकांत ने दिया युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए निखिलकांत साहू ने दिल्ली में आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा लिया। निखिलकांत वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हैं। इससे पूर्व वे एनएसयूआई प्रदेश महासचिव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, पार्षद एवं नगर पालिका सभापति जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। छात्र राजनीति से लेकर जनप्रतिनिधि तक का उनका लंबा राजनीतिक सफर संगठन एवं जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ को दर्शाता है। नई दिल्ली में आयोजित इस साक्षात्कार में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रभारी एवं कांग्रेस की कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्यों ने उम्मीदवारों से चर्चा की। निखिलकांत साहू ने प्रदेश में युवा कांग्रेस को मजबूत करने, संगठन विस्तार तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर अपना विजन प्रस्तुत किया।



### सरायपाली के सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में तोड़फोड़

**महासमुंद।** सरायपाली के उप पंजीयक कार्यालय में तोड़फोड़ कर क्षति पहुंचाने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर सरायपाली उप पंजीयक कार्यालय के सब-रजिस्ट्रार आतिश देवांगन ने पुलिस को बताया कि 10 जून को कार्य समाप्त होने पर शाम 6 बजे कार्यालय बंद कर सभी कर्मचारी अपने-अपने घर चले गए। उन्हें दूसरे दिन 11 जून की सुबह सात बजे सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की नीयत से कार्यालय के मुख्य दरवाजा एवं उप पंजीयक कक्ष के दरवाजे का ताला तोड़ कर तीन आलमारियों का ताला तोड़ क्षति पहुंचाया गया है एवं खाली कैश पेटी को कार्यालय के छत के ऊपर फेंक दिया गया था। साथ ही कार्यालय के सभी दस्तावेजों एवं कंप्यूटर सिस्टम का निरीक्षण किया, दस्तावेजों एवं किसी कंप्यूटर सिस्टम को किसी तरह की क्षति नहीं पहुंचाई गई है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 62 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिजली तार चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पिरदा में मकान निर्माण के दौरान मशीन व लाइट चलाने के लिए लगाए गए मल्टीवायर की चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को शेष कुमार पटेल ने बताया कि वह नया मकान बना रहा है, जिसमें जिसमें लाइट व मशीन चलाने के लिए 160 मीटर लंबी मल्टीवायर 2 एमएम कीमत 15 हजार रुपए खींचा था, जिसे 11 जून को देखा तो उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मत्स्याखेट पर लगा प्रतिबंध उल्लंघन पर भुगतना होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन एवं वंशवृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए संरक्षण प्रदान करने राज्य शासन द्वारा 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस दौरान प्रदेश सहित जिले के अधिकांश जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट की गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा-3 उपधारा-2 के तहत यह प्रतिबंध लागू किया गया है। बंद ऋतु के दौरान जिले के सभी नदी, नाले, जलाशय तथा अन्य प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ना निषिद्ध रहेगा। केवल ऐसे छोटे तालाब एवं जलस्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर गतिविधियां इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। मछली पालन विभाग द्वारा आमजन एवं मछुआरों से बंद ऋतु के नियमों का पालन करने की अपील की गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) अधिनियम, 2025 तथा छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम, 1948 की धारा-5 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत उल्लंघन करने वालों पर 25 हजार रुपये तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है।

# आंधी-तूफान के चलते अब तक नहीं हो पाई विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

क्षेत्र में आंधी तूफान से कई स्थानों पर बिजली खंबे तार एवं पेड़ गिर गए हैं, जिससे अभी तक विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई है। इससे एक और जहां लोग रात व दिनभर गर्मी व उमस से बेचैन रहे। वहीं कई स्थानों पर लोगों को पेयजल के लिए भी तरसना पड़ा है। इसके अलावा आंधी-तूफान में नगर के रानी दुर्गावती वार्ड 14 के बस्ती सरायपाली में एक दीवार गिरने पर उसमें दबकर एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई। अचानक गरज चमक के साथ काफी तेज हवाएं भी चली, जिससे शहर सहित पूरे अंचल में अनेक स्थानों पर कई पेड़ गिर गए।

इनमें कुछ पेड़ व डंगाल बिजली के तारों पर भी गिरे, जिसके कारण विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। ग्रामीण क्षेत्रों में एवं शहर में भी एक बड़े इलाके में रात से जो बिजली बंद हुई है, वह कुछ क्षेत्र में बिजली सप्लाई दी गई है, वैसे अभी तक पूरी बहाल नहीं हो पाई है। इससे लोग भीषण गर्मी में तो परेशान हुए। वहीं पानी की आपूर्ति भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इस प्रकार विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर लोगों में विद्युत विभाग के प्रति भी काफी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती की जाती है। लेकिन जब भी जरा सी भी हवा पानी होता है, विद्युत व्यवस्था पुनः ठप हो जाती है। आखिर किस तरह मेंटेनेंस किया जा रहा है, इस पर भी लोगों के द्वारा काफी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।



### दीवार गिरने से सुंदर लाल की मौत

नगर के रानी दुर्गावती वार्ड 14 के सुंदरलाल निषाद उम्र 45 कुजल सिंह निषाद अपने घर के आंगन में खाट लेने के लिए पहुंचे हुए थे, तभी पड़ोसी के घर की दीवार उनके ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## बुजुर्गों के बीच मारपीट अलग-अलग मामला दर्ज

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना अंतर्गत ग्राम खम्हारपाली में दो बुजुर्गों के बीच मारपीट के मामले में अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 12 जून को ग्राम खम्हारपाली के मुरली थनापति (69 वर्ष) द्वारा एक लिखित आवेदन पेश किया कि उसके गांव का परशुराम साहू (62 वर्ष) गाली गलौज कर एवं कुल्हाड़ी पकड कर जान से मारने के लिए उसे दौड़ा रहा था, इस दौरान पत्थर फेंककर मारने से घुटने में चोट आई। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

वहीं पुलिस को खम्हारपाली के परशुराम साहू (62 वर्ष) ने एक लिखित आवेदन पेश कर बताया गया कि 12 जून को वह गांव के तालाब से नहाने के बाद पैदल घर आ रहा था कि रास्ते उसका परिचित मकरध्वज प्रधान मिला, जिसके साथ बातचीत कर रहा था, उसी समय मुरली थनापति उसे देखकर गाली देने लगा। इसके बाद मुझे अकेला देखकर मुरली थनापति ने उसका रास्ता रोककर अपनी मोपेड में रखे टंगिया को निकालकर मारने लगा, जिससे मेरे बांये हाथ कंधे के पास चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## रिक्त 108 सीटों के लिए 11 जुलाई तक मंगाए जाएंगे आवेदन

# आरटीई : प्रवेश के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आरटीई के तहत दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। पहले चरण में 226 बच्चों का दाखिला होने के बाद अब पहली जुलाई से आगामी 11 जुलाई तक 108 सीटों के लिए आवेदन मंगाए जाएंगे। लॉटरी से चुने गए छात्रों को 17 अगस्त तक स्कूलों में प्रवेश पाएंगे।




बता दें कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत पहले चरण की कुल 334 सीटों के लिए जिलेभर से 821 बच्चों के आवेदन आए थे। जिनमें से विभिन्न कारणों से 272 आवेदन निरस्त हुए, शेष बचे 549 आवेदन में से लाटरी के माध्यम से 244 बच्चों का चयन हुआ। लेकिन चयनित बच्चों में से चरण के लिए कुल 226 ने ही स्कूलों में प्रवेश लिया। जिसके बाद अब भी 108 सीटें खाली है। अब जिले में शेष सीटों के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिन विद्यार्थियों ने तय समय तक प्रवेश नहीं लिया, उनकी सीटें रिक्त मानी जाएंगी। दूसरे चरण में नए स्कूलों का पंजीयन 8 जून से शुरू हो चुका है। आरटीई योजना आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा का अवसर देती है। इस साल कुल 334 सीटों पर प्रवेश होना है, जबकि आवेदन इसकी तुलना में ढाई गुना से अधिक आए थे। अब दूसरे चरण के लिए 8 से 20 जून तक स्कूलों का पंजीयन होना है। पश्चात 1 से 11 जुलाई तक आवेदन मंगाए जाएंगे। 1 से 15 जुलाई तक नोडल द्वारा सत्यापन, 27 से 31 जुलाई तक लाटरी व सीट आबंटन और 3 से 17 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी।

### हिंदी मीडियम स्कूलों में ज्यादा सीट खाली

मालूम हो कि आरटीई के तहत सीट मिलने के बाद भी कई अभिभावक बच्चों का दाखिला नहीं कराते। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की मांग अधिक होने के कारण कई पालक हिंदी माध्यम स्कूलों में बच्चों को भेजने के लिए तैयार नहीं होते। नतीजतन हिंदी माध्यम स्कूलों की सीटें हर साल खाली रह जाती हैं। इसके अलावा कई बार बच्चों को ऐसे स्कूल आवंटित हो जाते हैं, जो घर से काफी दूर होते हैं। परिवहन की सुविधा न होने से अभिभावक प्रवेश लेने से पीछे हट जाते हैं।

### दस्तावेज की कमी बड़ी वजह

आरटीई का उद्देश्य गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, लेकिन जमीनी स्तर पर कई बाधाएं इस लक्ष्य के रास्ते में खड़ी हैं। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 334 सीटों के लिए पहले चरण में 821 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 272 आवेदन दस्तावेजों की कमी के चलते निरस्त कर दिए गए, जो निःशुल्क शिक्षा न दे पाने की बड़ी वजह बनकर सामने आ रही है।

# बकला बाबा महोत्सव के प्रथम बैठक में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत भोरिंग स्थित बकला बाबा महोत्सव की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट की पहली बैठक 10 जून को हुई। जिसमें महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने बकला बाबा मंदिर में पूजा एवं जलाभिषेक कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामनाएं किए। साथ ही मंदिर महोत्सव ट्रस्ट द्वारा महोत्सव से जुड़ी समस्याओं और महोत्सव को लेकर तैयारियों का जायजा लेते हुए विधायक ने पार्किंग व्यवस्था एवं मंदिर से गुजरी हुई नहर एवं सड़कों का जल्द ही सफाई एवं सुधार की आश्वास दिया। साथ ही इस वर्ष की महोत्सव विधायक एवं मंदिर महोत्सव ट्रस्ट, ग्रामीणों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि 2026 का महोत्सव 24 से 26 अगस्त तक चलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही सम्मान समारोह, पूजा, शोभा यात्रा का आयोजन होगा। बैठक में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीराम साहू, राधेश्याम साहू, लीला लोकेश्वर साहू सरपंच ग्राम पंचायत भोरिंग, मंदिर महोत्सव ट्रस्ट समिति संरक्षक चोवा राम विश्वकर्मा, अध्यक्ष तेजराम साहू, नारायण साहू, उपाध्यक्ष मजे साहू, पवन साहू, सचिव दिनेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि जनकु साहू, वेदप्रकाश साहू, टेमेंद्र साहू, प्रीतम साहू, तारुण साहू, रजिया टेथीस, सतीश साहू, श्यामलाल साहू, कल्याण साहू, टिकेश्वर साहू आदि आदि मौजूद रहें।



# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 में किस्त वितरण के नियम बदले, अब चार चरणों में अकाउंट में मिलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के लिए जारी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों तथा नगर पालिका और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए नई किस्त व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। खास बात ये है कि अब हितग्राही को कुल 2.50 लाख रुपये का केंद्रीय-राज्य अनुदान चार चरणों में दिया जाएगा।

खास खबर

### निर्माण की प्रगति के अनुसार मिलेगी अनुदान राशि

नए निर्देशों के अनुसार भू-तल पर नए मकान निर्माण की स्थिति में हितग्राही को कुल 2.50 लाख रुपये का केंद्रीय-राज्य अनुदान चार चरणों में दिया जाएगा। फाउंडेशन पूरा होने पर 1 लाख रुपये, लिंटल स्तर तक निर्माण पर 50 हजार रुपये, छत निर्माण पर 50 हजार रुपये और कार्य पूर्ण होने पर 50 हजार रुपये की अंतिम किस्त जारी की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 32,850 रुपये अलग से दिए जाएंगे। इस प्रकार कुल सहायता राशि 2,82,850 रुपये होगी।

### गृह प्रवेश सम्मान की राशि जुड़कर मिलेगी

इसी तरह भू-तल और प्रथम तल वाले नए निर्माण के लिए भी 2.50 लाख रुपये का अनुदान चार चरणों में मिलेगा। इसमें फाउंडेशन पर 1 लाख रुपये, भू-तल की छत बनने पर 50 हजार रुपये, प्रथम तल की छत बनने पर 50 हजार रुपये तथा निर्माण पूरा होने पर 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना की राशि जोड़कर कुल सहायता 2,82,850 रुपये होगी।




### तकनीकी निगरानी के लिए तय हुआ शुल्क

आदेश में कहा गया है कि वास्तुविद या इंजीनियर द्वारा भवन अनुज्ञा, मानचित्र अनुमोदन, निर्माण की चरणबद्ध निगरानी, जियो-टैगिंग तथा कार्य संपादन से जुड़े प्रत्येक प्रकरण के लिए अधिकतम 6,150 रुपये प्रति आवास का

### लाभार्थी बदलने या राशि समायोजन पर रोक

विभाग ने स्पष्ट किया है कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत बेनिफिशियरी मैपिंग में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जा सकेगा। जिस हितग्राही के लिए केंद्र या राज्य सरकार द्वारा किस्त स्वीकृत और जारी की गई है, राशि उसी के खाते में हस्तांतरित करनी होगी। किसी अन्य लाभार्थी के साथ राशि का समायोजन या प्रतिस्थापन स्वीकार्य नहीं होगा।

### सीधे खाते में जाएगी किस्त

सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे एसएनए-स्पर्श प्रणाली के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुदान की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित करें। साथ ही, संबंधित निर्माण चरण के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग केवल उसी हितग्राही और उसी निर्माण स्तर के लिए किया जाएगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि तेजी से निर्माण कार्य पूरा करने वाले हितग्राहियों के लिए अतिरिक्त मांग पत्र के आधार पर राशि तभी जारी की जाएगी, जब संबंधित किस्त की राशि भारत सरकार से प्राप्त हो जाए।

### क्या है महत्व?

नए निर्देशों का उद्देश्य पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत आवास निर्माण की प्रगति के अनुरूप पारदर्शी भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करना, लाभार्थियों की पहचान में किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकना तथा अनुदान राशि को सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। इससे योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेही बढ़ने और निर्माण कार्यों की निगरानी मजबूत होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की सेवा अवधि में वृद्धि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, भारत के संविधान की प्रदत्त शक्तियों तथा



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त (सेवा शर्तें) नियम के प्रावधानों के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की सेवा अवधि में वृद्धि की गई है। श्री सिंह को विभागीय अधिसूचना 1 जून 2024 के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सेवा अवधि फरवरी 2027 तक अथवा राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियमित पदस्थापना होने तक, जो भी पहले हो, के लिए बढ़ाई गई है।

### एनएमसी ने बताई कमियां, जिसे दूर करने जुटी सरकार : डॉ. मिश्रा

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा, एनएमसी ने पांच मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान दिसंबर में कुछ कमियां पाई थीं, इसमें भवन



और उपकरण शामिल हैं। राज्य शासन को पहले से यह मालूम था कि कमियां मिलेंगी, इसलिए उन कमियों को अब दूर कर लिया गया है। यह संस्थागत प्रक्रिया का एक हिस्सा है। डॉ. मिश्रा ने कहा, हर बार नए कॉलेज के निरीक्षण के दौरान इस तरह की कठिनाइयां आती हैं। बुधवार को एनएमसी का जो पत्र आया है, उसमें केवल कमियां बताई गई हैं और उन कमियों को दूर करने के लिए कहा गया है।

### शराब की कमाई पर इतराना बंद करे भाजपा सरकार : धनेंद्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री लखन लाल देवांगन का हालिया बयान भाजपा सरकार की नीति और



नीयत दोनों को बेनकाब करता है। मंत्री स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि राज्य सरकार को केवल आबकारी विभाग एवं शराब की बिक्री से लगभग 10 हजार 500 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि महिलाओं के लिए संचालित "महतारी वंदन योजना" जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए भी राशि शराब की कमाई से उपलब्ध कराई जा रही है।
यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक स्थिति है कि जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिए सरकार शराब से प्राप्त आय पर निर्भर होकर गर्व महसूस कर रही है।

### वर्तमान कार्यकारिणी में सरोज पांडेय और लता उसेंडी हैं उपाध्यक्ष

# नवीन की नई कार्यकारिणी 15 के बाद कभी भी, छत्तीसगढ़ को महामंत्री और उपाध्यक्ष का पद मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। इस माह 15 जून के बाद उनकी कार्यकारिणी का ऐलान होना है। उनकी नई कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ को बहुत अहमियत मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ के किसी एक नेता को महामंत्री और एक को उपाध्यक्ष का पद मिलने की संभावना है। आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं के नाम इसको लेकर चल रहे हैं। एक-दो नेताओं को कार्यकारिणी का सदस्य भी बनाया जा सकता है। एक बार सरोज पांडेय महामंत्री रह चुकी हैं। इस समय सरोज पांडेय के साथ लता उसेंडी उपाध्यक्ष हैं।

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ को हमेशा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में कोई न कोई पद मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सभी राष्ट्रीय नेता बहुत अहमियत देते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों का भी छत्तीसगढ़ से लगाव रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य की बात है कि भाजपा के इस बार के नए अध्यक्ष नितिन नवीन भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इसके पहले राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ को महत्व भी मिला। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश के कई नेताओं को बंगाल, असम के चुनाव में अहम जिम्मेदारी दी गई थी। छत्तीसगढ़ के नेताओं ने वहां पर कमाल भी किया है। अब ऐसे नेताओं को उनकी मेहनत का इनाम देने की तैयारी है।



### सरोज-रामविचार रहे हैं महामंत्री



सरोज पांडेय प्रदेश की एकमात्र नेत्री हैं जो राष्ट्रीय महामंत्री रहीं हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहीं हैं। करूणा शुक्ला भी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रही हैं। रामविचार नेताम जहां अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, वहीं वे राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे हैं। इस समय सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। एक समय में राष्ट्रीय संगठन में डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी तीन उपाध्यक्ष थे। 2023 में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने तो उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया। इस समय धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य हैं।

### दावेदरों में इनके नाम

अब नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी प्रदेश के नेताओं को अहमियत मिलेगी। श्री नवीन प्रदेश के हर नेता के बारे में जानते हैं, ऐसे में वे किसी भी नेता को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। श्री नवीन की टीम में प्रदेश के नए चेहरों को मौका मिल सकता है। प्रदेश के कई नेता श्री नवीन के करीबी हैं। बंगाल चुनाव में जहां एक तरफ प्रदेश के कई नेताओं को कमान दी गई थी, वहीं प्रदेश के सौरभ सिंह और राम गर्ग को नितिन नवीन की टीम में रखा गया था। इस समय जिन नामों की दावेदारों के रूप में चर्चा है, उनमें डिप्टी सीएम विजय शर्मा, राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय, महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक गोमती साय, सुशांत सिंह और सौरभ सिंह का नाम प्रमुख है। इनमें से किसी को भी महामंत्री और उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। जानकारों का यह भी कहना है कि इस बार छत्तीसगढ़ के किसी को राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी भी बनाया जा सकता है।

# पुण्यतिथि पर विद्याचरण शुक्ल को किया याद

### कांग्रेस भवन और राधेश्याम भवन में कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता, छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के संस्थापक, माओवादी हमले में शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस ने कांग्रेस भवन और विद्याचरण उद्यान में श्रद्धांजलि दी। स्व. विद्याचरण शुक्ल 9 बार के संसदीय काल में छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के उस दौर में नेहरू, इंदिरा, नरसिम्हाराव के प्रधानमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ विशेष कर रायपुर के लिए दूरदर्शन, रेल-हवाई सुविधाओं में विस्तार, नेशनल हाईवे, औद्योगिक विकास, संचार सुविधाओं, राष्ट्रीय जलसंसाधन केंद्र एवं परियोजनाओं के लिए किए गए उनके प्रयासों को याद किया। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं एशियाई खेल आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा खेल कूद विकास के लिए किए गए प्रयासों को भी कांग्रेस जनों ने याद किया।



#### राधेश्याम भवन में पुष्पाजंलि

प्रातः 9.30 बजे राधेश्याम भवन, लभाण्डी एवं 11 बजे विद्याचरण शुक्ल उद्यान, नगर पालिक निगम मुख्यालय के सामने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा को जगदीश यादव उड़ीसा, रामअवतार देवांगन महामंत्री, नरेन्द्र तिवारी कोषाध्यक्ष, प्रमोद तिवारी उपाध्यक्ष, श्रीकुमार मेमन जिला अध्यक्ष शहर कांग्रेस ने सम्बोधित कर विद्या भैया की स्मृतियों को जीवंत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से जल कुमार मसंद उपाध्यक्ष, नितिन कुमार झा प्रवक्ता, शरद शुक्ला, प्रमोद चौबे, सुरेश मिश्रा, डॉ.उदयभान सिंह चौहान, संजय मिश्रा अभनपुर, बुलाकी वर्मा बेरला, सुरेश उपाध्याय, शिरीष अवस्थी, मनोज मिश्रा दुर्ग, उषा रज्जन श्रीवास्तव, आभा मुदलियार, ममता राय, गंगा यादव, राजेश पाल, सुनील बाजारी, सुरेन्द्र चौधरी भनपुरी, डॉ. अजय शर्मा, विकास गुप्ता, डॉ.चौलेश्वर चन्द्राकार, नवीन चन्द्राकार, विजय साहू शर्मा, राहुल शुक्ला सहित काफी संख्या में संघर्ष परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### ये थे मौजूद

आज कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद चौबे, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, बलजीत भाटिया, मनोज कंदोई, जसबीर ढिल्लन, कन्हैया अग्रवाल, ओम श्रीवास, कमल धृतलहरे, सुंदरलाल जोगी, फहीम ख़ान, प्रशांत ठेंगड़ी, हीरेंद्र देवांगन, उषा रंजन श्रीवास्तव, ममता राय, गंगा यादव, हाजरन बानो, सुरेश बुधवानी, ईश्वरी नामदेव आदि मौजूद थे।

### 5 लाख से ज्यादा कीमत का मादक पदार्थ जब्त

# नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, आठ दबोचे गए



■ पुलिस, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एसीसीयू ने ज्वाइंट ऑपरेशन कर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर अलग-अलग थानों की पुलिस के साथ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने चार दिनों तक विशेष अभियान चलाकर आठ लोगों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत का गांजा, हेरोइन चिट्टा तथा अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर अफसर कादर, हरप्रीत सिंह मट्टू, ऋषि साहू, महावीर जैन, मीर कुरैशी उर्फ विक्की, गुलाब कंडरा समेत कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस की संयुक्त टीम ने टिकरापारा, सिविल लाइन, न्यू राजेंद्र नगर, खमतराई और डीडी नगर थाना क्षेत्र में एक साथ कार्रवाई कर नशे के स्थानीय नेटवर्क को निशाना बनाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद एनडीपीएस एक्ट के 49 मामलों में अब तक 113 तस्करों की गिरफ्तारी हो चुकी है और उनके कब्जे से 2.63 करोड़ से अधिक कीमत का मादक पदार्थ और अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

# बिजली बिलों में भारी गड़बड़ी, कांग्रेस ने पॉवर कंपनी का मुख्यालय घेरा

### विकास उपाध्याय बोले- तत्काल स्मार्ट मीटरों को हटाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में बिजली बिलों में भारी संख्या में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इसको लेकर गुरुवार को पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस ने पॉवर कंपनी के मुख्यालय को घेरा और एक प्रतिनिधिमंडल ने वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर से मुलाकात कर उनको गड़बड़ी की जानकारी दी। एमडी ने गड़बड़ियों को ठीक करने का आश्वासन दिया है।

श्री उपाध्याय ने बताया, रायपुर सहित प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को दी जा रही रीडिंग बिल की राशि और बिल भुगतान की राशि में भारी अंतर को लेकर बिजली विभाग के एमडी से मुलाकात की गई। जहां स्वयं एमडी द्वारा कबुला गया कि बिजली बिल गड़बड़ी मामले को लेकर उनके संज्ञान में 2700 प्रकरण आए हैं। श्री उपाध्याय ने कहा, यह बड़ी गंभीर समस्या है, जब राजधानी की यह दशा है तो रायपुर सहित पूरे प्रदेश में तो



बिजली बिलों में भारी गड़बड़ी, कांग्रेस ने पॉवर कंपनी का मुख्यालय घेरा

लाखों उपभोक्ता इस गड़बड़ी के शिकार हुए होंगे। श्री उपाध्याय कहा, राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण बिजली उपभोक्ताओं को जो बिल दिया जा रहा है उसमें भारी अंतर पाया गया है। बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाकर आम जनता को स्मार्ट तरीके से लूट रहा है। श्री उपाध्याय ने कहा, जब छत्तीसगढ़ में इस प्रकार से एक नहीं कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल में गड़बड़ी सामने आ रही है तो विभाग को तत्काल स्मार्ट मीटर बंद कर देना चाहिए। क्योंकि न जाने प्रदेश के कितने उपभोक्ताओं को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा होगा, कई उपभोक्ताओं के तो ऑनलाईन ऑटो पे सिस्टम सेट होते हैं उन्हें तो मालूम ही नहीं होता कि बिजली बिल कितना आया है और कितना कट हो रहा है। अब यदि उनका गड़बड़ी वाला बिल ऑटो पे हो जाए तो क्या विभाग उन्हें उनकी ज्यादा दी गई राशि वापस करेगा। श्री उपाध्याय ने कहा, पहले बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 400 यूनिट तक मिलने वाली छूट को खत्म किया गया। और अब इस महंगाई में उपभोक्ता दोगुना बिल का भुगतान कहां से करेंगे। श्री उपाध्याय ने कहा, बिजली विभाग की लापरवाही की जांच हो, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई भी की जाए।

# 2 अवैध मकानों पर चला बुलडोजर सड़क पर मलबा फैलाने पर जुर्माना

### वृंदावन कालोनी में बिना अनुमति बनाए जा रहे 2 मकानों को ढहाया

» संत रविदास वार्ड में रायपुरा डूप्सा तालाब के 1100 वर्गफीट के अवैध निर्माण को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड के रायपुरा में डूप्सा तालाब के पास चल रहे करीब 1100 वर्गफीट के अवैध निर्माण को तोडूदस्ते ने तोड़ गिराया।

इसके अलावा वृंदावन कालोनी में नगर निगम से बिना अनुमति बनाए जा रहे दो अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान निर्माण कार्य के दौरान ग्रीन नेट नहीं लगाने और मलबा सड़क पर फैलाने वालों से कुल 7 हजार जुर्माना वसूला गया।

रायपुरा में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम जोन 8 की टीम ने अभियान चलाकर डूप्सा तालाब के पास 1100 वर्गफीट क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। इसके अलावा इंद्रप्रस्थ कालोनी के पास स्थित वृंदावन कालोनी रायपुरा में



करीबन 1000-1000 वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति के 2 भ्वन बनाए गए थे, जिसे स्थल पर तोड़ने जेसीबी मशीन लगाई गई। जोन 8 के वार्डो में अलग-अलग स्थानों पर सड़क यातायात बाधित करते हुए निर्माण सामग्री और मलबा बिखराने , ग्रीन नेट लगाए बिना निर्माण कार्य को लेकर ई चालान कर जुर्माने की राशि वसूली गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व व कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, अनुराग पाटकर एवं नगर निवेश विभाग की टीम की मौजूदगी में अभियान चलाया गया।

# फट गई मुख्य रक्तवाहिका की भीतरी परत, 13 घंटे सर्जरी के बाद कृत्रिम ग्राफ्ट के जरिए बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एम्स रायपुर के हृदय एवं वक्ष शल्य चिकित्सा विभाग ने एक अत्यंत जटिल और जानलेवा हृदय रोग से पीड़ित 38 वर्षीय युवक का सफल उपचार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सरगुजा जिले के निवासी इस मरीज को एक दुर्लभ और अत्यंत गंभीर हृदय संबंधी आपातकालीन स्थिति "एक्यूट स्टैनफोर्ड टाइप-ए एओर्टिक डिसेक्शन" थी, जिसे चिकित्सा जगत में सबसे खतरनाक हृदय आपात स्थितियों में से एक माना जाता



है। मरीज सीने में गंभीर समस्या के लक्षणों के साथ एम्स रायपुर पहुंचा। कार्डियोलॉजी ओपीडी में जांच के दौरान डॉ. सुरेन्द्र नायक ने इकोकार्डियोग्राफी के आधार पर गंभीर बीमारी की आशंका व्यक्त की। इसके बाद डॉ. एनके बोधे के परामर्श से तत्काल सीटी एओर्टोग्राम कराया गया, जिसमें एक्यूट टाइप-ए एओर्टिक डिसेक्शन की पुष्टि हुई। यह ऐसी स्थिति होती है जिसमें शरीर की मुख्य रक्त वाहिका (एओर्टा) की भीतरी परत फट जाती है। यदि समय पर उपचार न मिले तो मरीज की जान कुछ ही घंटों में जा सकती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, कार्डियक एनेस्थीसिया, रेडियोलॉजी, आईसीयू, नर्सिंग एवं तकनीकी टीमों ने तुरंत समन्वय स्थापित किया।

### समय पर पहचान ही संजीवनी

सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ. नितिन कुमार कश्यप ने बताया कि इस बीमारी में उपचार में हर घंटे की देरी से मृत्यु का खतरा 1–2 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। वहीं कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यजीत ने कहा कि समय पर पहचान और विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय के कारण मरीज की जान बचाई जा सकी। एम्स प्रबंधन ने कहा, यह हमारी उन्नत हृदय शल्य चिकित्सा क्षमता का प्रमाण है और यह दर्शाती है कि संस्थान छत्तीसगढ़ एवं आसपास के राज्यों के मरीजों को विश्वस्तरीय हृदय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।

# जनगणना के अगले चरण में अब गांव-शहरों के डिजिटल नक्शों का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना के काम को लेकर मकानों का सूचीकरण कर लिया गया है, लेकिन इसके बाद अब असली काम शुरू करने की तैयारी है। देश में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार ने पहले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2011 के बाद बने नए जिलों, तहसीलों, गांवों, नगरों और बदली हुई प्रशासनिक सीमाओं का पूरा ब्योरा मांगा था। अब इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जनगणना आयुक्त कार्यालय ने सभी राज्यों को आधारभूत नक्शों (बेस मैप्स) को अद्यतन करने और उनकी पुष्टि कराने के निर्देश जारी किए हैं।

नई गाइडलाइन बताती है कि जनगणना 2027 केवल आबादी गिनने का अभियान नहीं होगी, बल्कि यह देश की प्रशासनिक और भौगोलिक सीमाओं के व्यापक डिजिटल सत्यापन की प्रक्रिया भी होगी।

### डिजिटल जनगणना की नींव तैयार कर रहा केंद्र

जनगणना 2027 के लिए राज्यों, जिलों, तहसीलों, गांवों, नगरों और वार्डों की सीमाओं का जियो-रेफरेंस्ड डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनगणना के दौरान देश का कोई भी क्षेत्र छूटे नहीं और कहीं भी दोहरी गणना की स्थिति न बने। यह डिजिटल भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) डाटा भविष्य की डिजिटल जनगणना का आधार बनेगा और फील्ड कार्यों की निगरानी को भी आसान करेगा।

## खबर संक्षेप



### खरोरा के शहीद स्मारक में पौधा रोपण के तीन वर्ष पूरे

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक में पूर्व सैनिक संगठन के परिवार द्वारा अमर वीर शहीदों के नाम से 11 जून 2023 में गमले में पौधा रोपण किया गया गया था, जो आज तीन वर्ष पूरा हो गया है। इस दौरान अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि बेहतर विकास और पोषण के लिए पौधा का विशेष देखभाल करते हैं।



### समर चेस एवं म्यूजिक कैंप का समापन, बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** स्थानीय हनीड्यू स्कूल में 1 मई से संचालित समर चेस एवं म्यूजिक कैंप का गुरुवार को संपन्न हुआ। लगभग डेढ़ माह तक चले इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में 30 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर शतरंज और संगीत की बारीकियां सीखीं तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे रहे। अध्यक्षता हनीड्यू स्कूल के प्राचार्य शाश्वत चोपड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि नेशनल आर्बिटर एवं नेशनल कोच संदीप पटले मौजूद रहे। समारोह के दौरान समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## निधन

### अविनाश उमाटे



**महासमुंद।** स्थानीय शंकर नगर डॉक्टर तिवारी बिल्डिंग के पास निवासरत 56 वर्षीय अविनाश उमाटे का बीती रात निधन हो गया। अंतिम संस्कार बागबाहरा में किया गया, वे ब्यूटी पार्लर के संचालिका पूर्णिमा उमाटे के पति व चेतना, लीना, तुषार उमाटे के पिता थे।

# शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बागबाहरा स्थित आईसीडीएस परियोजना कार्यालय में किया गया। इस प्रशिक्षण में योजना के सफल संचालन, पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत पंजीयन, लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं मैदानी अमले की क्षमता वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न परियोजना क्षेत्रों से आए बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ), सेक्टर पर्यवेक्षक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने सहभागिता की। इस दौरान योजना के तकनीकी, प्रशासनिक एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। ताकि, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक समय पर पहुंच सके। प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिकवेंद्र जटवार ने जरूरी मार्गदर्शन दिया तथा प्रशिक्षण आई.पी.ई. ग्लोबल के सहयोग से आयोजित की गई।

राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को योजना के प्रावधानों, पात्रता शर्तों, नवीन दिशा-निर्देशों तथा पोर्टल संचालन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान अभिनव पांडेय डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सेक्टर पर्यवेक्षक शीला प्रधान एवं उमा पटेल तथा ऑपरेटर सोनालिका द्वारा प्रतिभागियों को योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में हितग्राही पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, आवेदन सत्यापन, ऑनलाइन एंट्री, भुगतान प्रक्रिया एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि डाटा एंट्री में सटीकता और समयबद्धता बनाए रखना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत आवश्यक है।



इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जटवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने वाली जनकल्याणकारी योजना है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को समय पर पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सहायता मिलना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों एवं ऑपरेटरों को हितग्राहियों से सतत संपर्क कर उन्हें योजना की जानकारी देने और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा समाधान आधारित कार्यप्रणाली अपनाने पर जोर दिया गया।

## तैयारी : तुमगांव निवेश क्षेत्र विकास योजना प्रारूप 2041 के संबंध में प्रारंभिक बैठक

# प्रारूप समावेशी विकास, आधुनिक अधोसंरचना को समाहित करने वाला हो : सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में तुमगांव निवेश क्षेत्र विकास योजना प्रारूप 2041 के लिए छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों के तहत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2041 तक के लिए प्रारूप विकास की योजना की तैयारी पर मंथन किया गया। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, नगर निवेश के विनीत नायर, नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, विधायक प्रतिनिधि दिव्यांग पांडेय, उपपुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय सहित आस-पास क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के सरपंच शामिल हुए। बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय रायपुर से आए अधिकारियों ने बताया कि तुमगांव निवेश क्षेत्र में 2025 को आधार मानकर विकास की संभावनाओं को देखते हुए वर्ष 2041 तक विकास की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। बैठक में बताया गया कि तुमगांव निवेश क्षेत्र में तुमगांव नगर पंचायत सहित 11 ग्राम पंचायत शामिल है। जिसकी कुल जनसंख्या 19 हजार 879 है तथा कुल क्षेत्रफल 5045 हेक्टेयर है। जिन ग्राम पंचायतों को निवेश क्षेत्र में शामिल किया गया है उनमें बेंद्रीडीह विरान, कौआझर, चोरभट्ठी, नवापारा, परसदा, कौंदकेरा, बनसिवनी, सोरिद, अमावस, गोपालपुर एवं भोरिंग शामिल है। प्रस्तुति के दौरान बताया गया कि निवेश क्षेत्र को समावेशी आर्थिक विकास आधुनिक अधोसंरचना द्वारा संचालित तथा कृषि संसाधन सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध एक जीवंत एवं सतत क्षेत्रीय केंद्र के रूप में रूपांतरित किया जाएगा, जो समस्त निवासियों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण जीवन एवं पर्यावरणीय लचीलापन को सुनिश्चित करेगा। प्रारूप में स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन एवं निवासियों के कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक विकास और विविधीकरण, सामाजिक समानता, समावेशिता, पर्यावरण सुरक्षा और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है।




बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि समावेशी तथा दीर्घकालिक हो और जनमानस के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि बैठक के पश्चात निवेश क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम पंचायतों को पृथक से मास्टर प्लान दिया जाए। ताकि, अध्ययन पश्चात सुझावों को सम्मिलित किया जा सके। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उपस्थित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए और ग्रामीण क्षेत्र के अनुरूप अपने अनुभव साझा करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि तुमगांव विकास योजना वर्ष 2041 वर्तमान स्वरूप को बनाए रखते हुए निवासियों के जीवन स्तर में सुधार एवं पारंपरिक एवं नई नियोजन तकनीकों को सम्मिलित करने के लिए विकसित किया गया है। प्रत्येक बसाहट की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित की गई है। प्राप्त सुझावों के पश्चात इसे संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश इंद्रावती भवन प्रेषित किया जाएगा।

### शिविर में मिली 53 व्यक्तिगत शौचालय को स्वीकृति

**महासमुंद।** जिले के जनपद पंचायत बसना क्षेत्र में सुशासन तिहार के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। ग्रामीणों की सुविधा एवं समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित सुशासन तिहार में नागरिकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना पीयूष सिंह ठाकुर ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु सुशासन तिहार में कुल 460 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 53 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। शेष आवेदनों की जांच एवं आवश्यक कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय-सीमा में मिल सके। इसी तरह जनपद पंचायत बसना में राशन कार्ड से संबंधित विभिन्न सेवाओं के लिए ग्रामीणों से कुल 332 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में नवीन कार्ड के लिए 91 आवेदन, नाम जोड़ने के लिए 128, नाम सुधार के लिए 23, एपीएल से बीपीएल श्रेणी में परिवर्तन हेतु 36 तथा केवाईसी से संबंधित समस्याओं के लिए 12 आवेदन शामिल हैं। बसना विकासखंड के हितग्राहियों ने शौचालय स्वीकृति और राशन कार्ड मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रशासन द्वारा सभी आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार लाभ दिलाने पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों के माध्यम से सभी आवेदनों का संवेदनशीलता एवं समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है एवं हितग्राहियों को फोन पर इसकी जानकारी दी जा रही है।

# नियर एक्सपायरी दवाइयों को ग्रामीण अंचल के अस्पतालों में खपाने का खेल: विनोद

## पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने किया अनेक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ सरकार की लापरवाही और एजेंसियों से सांठगांठ के कारण जनता की जान जोखिम में

शासकीय अस्पतालों में आने वाले मरीजों की जिंदगी को भाजपा की साय सरकार खतरे में डाल रही है। जिलेभर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियर एक्सपायरी दवाओं का वितरण किया गया है। जिसकी तिथि 15 से 20 दिन ही शेष है। इसकी सूचना मिलने पर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां विटामिन की गोलियों सहित अनेक दवाइयां अवसान तिथि के नजदीक की मिलीं। पूर्व विधायक चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार द्वारा जान-बूझकर ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसी दवाइयां भेजी जा रही है जिसकी एक्सपायरी तिथि महज 15 से 25 दिन ही शेष रहता है। बड़ी मात्रा में इन दवाइयों का वितरण कर ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में खपाने का खेल विभागीय मिलीभगत से चल रहा है। कालातीत अवधि के करीब पहुंच चुके दवाइयों को खरीदकर ग्रामीण अंचल में खपाने का खेल स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारियों व शासन की सहमति के बिना नहीं चल सकता। चंद्राकर ने कहा कि नियर एक्सपायरी दवाओं का वितरण अत्यंत गंभीर मामला है। स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी के नियमों के अनुसार, एक्सपायरी डेट के करीब पहुंच चुकी दवाओं का वितरण मरीजों को नहीं किया जा सकता। ऐसी दवाएं जिनकी एक्सपायरी डेट (समाप्ति तिथि) में 3 महीने से कम समय बचा होता है, उसे मरीजों को नहीं बांटा जा सकता। चंद्राकर ने बीजेपी की साय सरकार पर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए दोषी अधिकारियों, एजेंसियों और कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।




उन्होंने कहा कि यह मामला केवल महासमुंद ब्लाक के अस्पतालों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले के ग्रामीण अंचल के स्वास्थ्य केंद्रों में यही स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और एजेंसियों से सांठगांठ के कारण जनता की जान जोखिम में डाली जा रही है।

### सीईओ ने ली महासमुंद जनपद में 58 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों की बैठक

**महासमुंद।** भोरिंग एवं पटेवा क्लस्टर में कुल 58 ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने विशेष रूप से निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी द्वारा प्रथम पाली में भोरिंग क्लस्टर अंतर्गत 28 ग्राम पंचायतों के सचिवों, आवास मित्रों एवं रोजगार सहायकों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। इस दौरान योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जनपद सीईओ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे विचरण करने वाले पशुओं को हटाने की पूर्वानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही मरम्मत योग्य हैंडपंपों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र दुरुस्त कराने, सभी सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा जल जीवन मिशन के तहत संचालित पानी टंकियों में नियमित जल उपचार कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नदी किनारे स्थित ग्रामों में संभावित आपदा की स्थिति को देखते हुए एनडीआरएफ / एसडीआरएफ की गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने एवं विकास कार्यों में गति लाने निर्देशित किया।

## सेनभांठा में निस्तारी की समस्या, मटमैले पानी में नहाने विवश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित और ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी के आश्रित ग्राम सेनभांठा के ग्रामीण इन दिनों गंभीर निस्तारी दैनिक कार्यों के लिए पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी तपती धूप के कारण गांव का मुख्य निस्तारी तालाब भीषण गर्मी के चलते पूरी तरह सूखने की कगार पर पहुंच चुका है। तालाब का जलस्तर घटने से ग्रामीणों के सामने नहाने, कपड़े धोने और मवेशियों को पानी पिलाने का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।



**मटमैला पानी में नहाने की मजबूरी :** स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पानी का कोई अन्य विकल्प न होने के कारण वे अब तालाब के किनारे बचे हुए छोटे से गड्ढे के पानी में किसी तरह नहाने को मजबूर हैं।

पानी दूषित होने के कारण ग्रामीणों में त्वचा रोग और अन्य बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। सीमावर्ती क्षेत्र होने से मूलभूत सुविधाओं में पेय जल के साथ साथ निस्तारी की समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द गांव में पानी के अन्य स्त्रोतों या टैंकरों के माध्यम से निस्तारी के पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

### सेजेस तुमगांव में समर कैंप का आयोजन, विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने दिखाया उत्साह



**महासमुंद।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेएस) तुमगांव में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए 1 जून से विशेष समर कैंप (ग्रीष्मकालीन शिविर) का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में स्कूल के बच्चे बेहद उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं और छुट्टियों का सही सदुपयोग कर नई-नई विधाएं सीख रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र अगलावे के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना और उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है। कैंप को और अधिक प्रभावी व व्यावसायिक बनाने के लिए बाहर से आए प्रोफेशनल ट्रेनर्स (विशेषज्ञों) की मदद ली जा रही है। शिविर में प्रतिदिन निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बच्चों को शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए पेशेवर प्रशिक्षकों द्वारा जुंबा डांस और योग का अभ्यास कराया जा रहा है, जिसका बच्चे भरपूर आनंद ले रहे हैं। पेंटिंग और आर्ट-क्राफ्ट की बारीकियों को सिखाने के लिए विशेषज्ञ बुलाए गए हैं, जो बच्चों को वेस्ट मटेरियल से बेहतरीन कलाकृतियां बनाना और कैनवास पर रंग बिखेरना सिखा रहे हैं। संगीत प्रेमियों के लिए विशेष म्यूजिक और सिंगिंग लेशन आयोजित किए जा रहे हैं, जहां बच्चे सुर-ताल की शिक्षा ले रहे हैं। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता केआर साहू सहित शिक्षक पवन कुमार डडसेना, आरआर तारक, सुरेश यादव, सत्यम पांडे, लोकेश साहू, प्रियंका बरिहा, प्रगति साहू एवं अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान मिल रहा है। सभी शिक्षक रोजाना बच्चों के साथ उपस्थित रहकर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं।

# महासम्मेलन में जाने के लिए एनएचएम ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन 13 जून को रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। इस सम्मेलन में प्रदेशभर से 18 हजार से अधिक कर्मचारी और अधिकारी अपने परिवारों के साथ शामिल होंगे। आयोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग और कर्मचारी संगठनों के बीच व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। संघ के अनुसार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल समेत कई मंत्री और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।



एनएचएम कर्मचारी संघ ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी शामिल होंगे। उप स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, मंत्रालय और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़े कर्मचारी बड़ी संख्या में रायपुर पहुंचेंगे। कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। कई जिलों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जनों को सामूहिक अवकाश संबंधी सूचना भी दी गई है।

### मुख्यमंत्री की सहमति से बढ़ा उत्साह

संघ पदाधिकारियों के मुताबिक हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें महासम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया था। मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति मिलने के बाद कर्मचारियों में उत्साह और बढ़ गया है।

### लंबित मांगों पर टिकी निगाहें

महासम्मेलन के बीच कर्मचारियों की निगाहें उनकी लंबित मांगों पर भी टिकी हुई हैं। संघ का कहना है कि पूर्व में हुए आंदोलन और हड़ताल के दौरान विभाग की ओर से कई मांगों पर लिखित आश्वासन दिया गया था, जिनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी मिल रही है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में चिकित्सा परिचर्या व्यवस्था, नई मानव संसाधन नीति, वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति, ग्रेड पे, स्थानांतरण नीति और नियमितीकरण जैसे विषय शामिल हैं। कर्मचारियों को उम्मीद है कि इन मामलों में सकारात्मक निर्णय सामने आएंगे।

प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में जाने के लिए डॉ आई नागेश्वर राव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ घनश्याम साहू सहायक संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला पदाधिकारी उपाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र सिन्हा और डॉ देवेंद्र साहू, डॉ बीएल मिश्रा, सुरेंद्र चंद्राकर, डॉ अरुणा अग्रवाल, दुधेश पटेल, परमेश्वर सेन, मनीष भारद्वाज, मेघा ताम्रकार, अर्चना तोमर, सुनील साहू आदि ने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति से कर्मचारियों में विशेष उत्साह है और यह कार्यक्रम एनएचएम कर्मचारियों की एकता, संगठनात्मक शक्ति तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक बनेगा।